तेरी प्रेम पुजारन रस्ता देखे,
कब आओगे मुरलिया वाले,
एक तेरी जोगन राह निहारे,
कब आओगे मुरलिया वालें।।

तर्ज कब आएगा मेरे बंजारे।

आती जाती सांस ये मेरी,
निशदिन फेरे माला तेरी,
कहाँ लगाईं तूने देरी,
ओ मेरे नटवर प्यारे,
कब आओगे मुरलिया वालें।।

कोई कहे मुझको दीवनी,
कोई कहे मुझको मस्तानी,
मैंने तो अपनी ज़िंदगानी,
कर दी नाम तुम्हारे,
कब आओगे मुरलिया वालें।।

माना मैं हूँ एक गवारन,
आन गांव की एक बंजारन,
जैसी भी हूँ मेरे मोहन,
मुझको तू अपना ले,
कब आओगे मुरलिया वालें।।

लगी मेरी अब तुझपे बाज़ी,
तेरी रजा में हूँ मैं राज़ी,
जीवन नैया ओ मेरे मांझी,
कर दी तेरे हवाले,
कब आओगे मुरलिया वालें।।

तेरी प्रेम पुजारन रस्ता देखे,
कब आओगे मुरलिया वालें,
एक तेरी जोगन राह निहारे,
कब आओगे मुरलिया वालें।।

Singer Sona Jadhav

ये भी देखें मुरलिया वाले कब आओगे म्हारे देश।

Source: https://www.bharattemples.com/kab-aaoge-muraliya-wale/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw